an>

Title: Need to open a Passport Service Centre in Udaipur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा लोकसभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का सम्भाग मुख्यालय है। यह जनजातीय क्षेत्र है। इसमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, छः जिले आते हैं। यह क्षेत्र अरावली पर्वतमालाओं से घिरा हुआ है। यहां वन सम्पदा और खनिज सम्पदा है। यहां जिंक उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र जावर माइन्स, उदयपुर है। यहां से ज्यादातर लोग अरब देशों में रोजगार के लिए, रोजी-रोटी के लिए जाते हैं। वर्तमान में पासपोर्ट कार्यालय जोधपुर में है जो बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ तहसील से 600 किलोमीटर दूर पड़ता है। वर्ष 2014 में 35000 पासपोर्ट उदयपुर सम्भाग से बने थे। इस तरह वर्ष में बनने वाले अधिकतर पासपोर्ट उदयपुर सम्भाग के लोगों के बनते हैं। हाल ही में 1 जून, 2015 को भारत सरकार की माननीय विदेश मंत्री महोदया सरकार के एक साल पूर्ण होने पर उदयपुर आई थीं, उन्होंने जनता की मांग के आधार पर घोषणा की थी। इसी संदर्भ में उदयपुर नगर निगम ने नःशुल्क भवन देने के लिए हामी भरी है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि माननीय विदेश मंत्री जी की घोषणा के अनुसार टेक्नीकल टीम उदयपुर भेजकर स्थायी पासपोर्ट कार्यालय खोलकर इसे मूर्त रूप दे और उदयपुर सम्भाग के आदिवासियों और आम जनता के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र बनाया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री पी.पी. चौधरी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।